PG/IIIS/HIN/303/23(New)

M.A. 3rd Semester Examination, 2023

HINDI

PAPER – HIN-303

Full Marks : 50

Time : 2 hours

The figures in the right hand margin indicate marks

Candidates are required to give their answers in their own words as far as practicable

1. निम्नलिखित में से *दो* प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 10 × 2

(*क*) "भारतेन्दु हरिश्चन्द्र के अनुसार भारतवर्ष की उन्नति कैसे हो सकती है" सोदाहरण विश्लेषित कीजिए ।

(*ख*) आत्मकथा–'एक कहानी यह भी' एवं जीवनी 'आवारा मसीहा'–इन दोनों में से किस रचना का प्रभाव आप पर सर्वाधिक पड़ा है और क्यों ? तर्कपूर्ण उत्तर लिखिए ।

(*ग*) महादेवी वर्मा की दृष्टि में सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला' का साहित्यिक व्यक्तित्व कैसा था ? सोदाहरण उत्तर लिखिए ।

(*Turn Over*)

(घ) " 'अकाल उत्सव' एक राजनीतिक व्यंग्य रचना है ।" इस कथन का विश्लेषण कीजिए ।

2. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं *चार* के यथानिर्देश उत्तर लिखिए : 5×4

(क) ससंदर्भ व्याख्या कीजिए –

जिस प्रकार आत्मा की मुक्तावस्था ज्ञानदशा कहलाती है, उसी प्रकार हृदय की यह मुक्तावस्था रस दशा कहलाती है । हृदय की इसी मुक्ति की साधना के लिए मनुष्य की वाणी जो शब्द-विधान करती आई है, उसे कविता कहते है ।"

(ख) 'जीवनी साहित्य' की विशेषताओं के आधार पर 'आवारा मसीहा' का मूल्यांकन कीजिए ।

(ग) 'मेरी तिब्बत यात्रा' के किसी एक मार्मिक प्रसंग का विश्लेषण कीजिए ।

(घ) 'भोलाराम का जीव' के उद्देश्य पर विचार कीजिए ।

(ङ) 'किंतु यदि कोई लेखक यदि किसी दूसरी या तीसरी प्रकार की मण्डली में रहता है, या नहीं भी रहता है लेकिन उनसे अलग है, तो यह धारणा बनाने की प्रवृत्ति सबल हो जाती

है कि वह यूँ ही लिखता है, बेकार लिखता है, फिजूल लिखता है ।"

प्रस्तुत अंश किसपाठ व पुस्तक का है ? इसके लेखक कौन हैं ? इस अंश की मूल संवेदना क्या है ? –विस्तार से लिखिए ।

(च) 'सभ्यता के आवरण और कविता' विषय पर शुक्लजी के विचारों का विश्लेषण कीजिए ।

[Internal Assessment – 10 Marks]